जूनियर वर्ल्ड रैंकिंग में दाँव लगाएंगी मंजू संधू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के हिसार ज़िले के कौथकलाँ की 18 वर्षीय पहलवान मंजू संधू का चयन इटली में होने वाली जूनियर वर्ल्ड रैंकिंग के लिये हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- 22 जून से 30 जून, 2022 तक इटली में होने वाली जूनियर वर्ल्ड रैंकिंग में मंजू संधू 72 किग्रा. भारवर्ग में खेलेंगी।
- गौरतलब है कि राँची में 26 मई से 29 मई तक जूनियर रैंकिंग नेशनल में मंजू ने गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा लखनऊ में 2 जून को जूनियर एशिया चैंपियनशिप के लिये हुए ट्रायल में प्रथम स्थान पर आई थीं। इन दोनों के बेस पर मंजू का जूनियर वर्ल्ड रैंकिंग के लिये चयन किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि मंजू संधू ने 2018-19 में पूना में हुए खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक तथा 2019-20 में गुवाहाटी में हुए खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक जीता था।
- मंजू पिछले पाँच साल से उमरा के एशियन स्पोर्ट्स स्कूल में कुश्ती कोच संजय मलिक से प्रशिक्षण ले रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/manju-sandhu-to-stake-in-junior-world-rankings